# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन–2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना–800 021, दूरभाष : +91–612–250 4980, फैक्स : +91–612–250 4960, वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांकः BRLPS-LSBA/Proj/72/18/257 दिनांक 04/07/2018

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०

प्रशासी पदाधिकारी-सह- राज्य समन्वयक।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषयः** राज्य स्तर पर कार्यरत सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र से संबंधित सूचना के संबंध में।

महाशय/महाशया,

उपरोक्त विषयक के संबंध में सूचित करना है कि राज्य स्तर पर जिला/प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर में क्रियान्वित किये जाने वाले कार्यक्रम के सहायक पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र (दिनांक 25.06.2018 को) स्थापित किया गया है।

राज्य स्तरीय सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र द्वारा जिला, प्रखण्ड, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर के कर्मियों/पदाधिकारियों से प्रगति की अद्यतन स्थिति एवं पंचायत स्तर पर स्वच्छाग्रही/प्रशिक्षित राजमिस्त्री एवं निगरानी समिति के सदस्यों से सम्पर्क स्थापित कर 'खुले में शौच से मुक्त' किये जाने हेतु दैनिक कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की जायेगी। इसके साथ ही सहायता केन्द्र के संपर्क नंबर पर फोन कर भुगतान/आई०एम०आई०एस०प्रविष्टि/ जिओ टैगिंग/ आई०ई०सी० आदि के संबंध में आमजन/जनप्रतिनिधि/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से संबद्ध कर्मी अपनी समस्या पंजीकृत करा सकेंगे, जिसके निष्पादन हेतु सुझाव एवं भावी कारवाई की जानकारी सम्पर्क केन्द्र द्वारा दिया जायेगा। अवगत कराना है कि मुख्य सचिव द्वारा राज्य स्तरीय सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र के माध्यम से प्राप्त जानकारी का प्रतिदिन अनुश्रवण किया जा रहा है। राज्य स्तर पर स्थापित 'सम्पर्क सह सहायता केन्द्र' का विवरण निम्न हैः-

राज्य स्तरीय सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र

राज्य कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

II- विंग, द्वितीय तल, विद्युत भवन

बेलीरोड, पटना-21

सम्पर्क सूत्रः 6200586851, 6201602757 एवं 0612-2504979

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि सम्पर्क-सह-सहायता केन्द्र के नंबरों का जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संबद्ध कर्मियों को उपरोक्त नंबर की सूचना दी जाए, साथ ही जानकारी हेतु संपर्क स्थापित किए जाने पर प्रत्युत्तर सहजता से दिए जाने का निर्देश दिया जाए।

विश्वासभाजन

04/07/18

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांकः BRLPS-LSBA/Proj/72/18/257 दिनांकः ~~.06.2018~~ 04.07.18

प्रतिलिपिः सभी जिला समन्वयक एवं सभी जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः निदेशक, जिला ग्रा०वि० अभि०-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

04/07/18

(राजीव कुमार सिंह)